निनाद ललित कला समिति
छिन्दवाडा

अध्यक्ष–आनंद बक्षी

नव भारत

अश्विनी के गीत गजलों से महकेगा नगर

निनाद ललित कला समिति आयोजित करेगी कार्यक्रम

छिंदवाड़ा, 27 जनवरी. निनाद ललित

कला समिति के द्वारा गीत गजल संध्या 28 जनवरी रात्रि 9 बजे स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री स्कूल स्टेडियम के सामने आयोजित की गई है. निनाद ललित कला समिति के अध्यक्ष आनंद बक्षी ने बताया कि विख्यात कलाकार पंडित अश्विनी शर्मा अपनी गायिकी से श्रोताओं के रूबरू होंगे.

सतीश मिश्र तबला, एस.आर. शिवलीकर सितार, इकबाल अहमद गिटार पर संगत करेंगे. इस अवसर पर नवीन दुग्गड, डॉ. आर.एच.बग्गा, मेजर डॉ. राकेश श्रीवास्तव, श्रीमती विस्मिता शाह, मोहम्मद युनूस तथा बाल प्रतिभा तरंग परिहार को सम्मानित किया जाएगा. यह उल्लेखनीय है कि यह कार्यक्रम का 13 वां वर्ष है. यह पूर्णत: नि:शुल्क है. किसी प्रकार के पास आदि की आवश्यकता नहीं है.

विरासत में मिला संगीत

अश्विनी कुमार ने संगीत की आरंभिक शिक्षा अपने पिता स्व. रतनचंद्र वर्मा से ग्रहण की. देश के सुप्रसिद्ध पंजाब घराने से ताल्लुक रखते है आपके वंश में पिछले 177 वर्षो से संगीत गाया जा रहा है. परिवार के अनेक कलाकार संगीत समाज को दिय है. संगीत की बारीकियों को उस्ताद फतेह दीन खान स्व. लक्ष्मणदास से सीखा है. संगीत अलंकार की उपाधि 1985 में तथा आकाशवाणी के ए ग्रेड कलाकर की उपाधि भी प्राप्त की है. अनेक पुरस्कार स्वर विहार, स्वर निनाद, महफिल, सुर सिंगार, सुर श्री, स्वर संध्या से नवाजा जा चुका है. प्रसिद्ध टीवी सीरियल मुजरिम हाजिर है जनाब का शीर्षक गीत गाया है तथा इसे संगीतबद्ध भी किया है. गजल गायिकी को अपितु शब्द गुरूवाणी को भी बखूबी गाया है. गजल गायिकी की परंपरागत शैली को प्रस्तुत करते है.

जबलपुर जनपक्ष

गीतों गजलों की खुशबू से महकेगा शहर

गजल सम्राट अशवनी कुमार देंगे प्रस्तुती

छिन्दवाड़ा27जनवरी(जनपक्ष) निनाद ललित कला समिति के द्वारा गीत गजल संध्या 28 जनवरी रात्रि 9.00 बजे लाल बहादुद शास्त्री, स्कूल स्टेडियम के सामने आयोजित की गई हैं। निनाद ललित कला समिति के अध्यक्ष आनंद बक्षी ने बताया कि, विख्यात कलाकर पंडित अशवनी वर्मा अपनी गायिकी से श्रोताओं के रूबरू होंगे । श्री सतीश मिश्र तबला, एस.आर.शिवलीकर सितार, इकबाल अहमद गिटार पर संगत करेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक दीपक सक्सेना होंगे। इस अवसर पर नवीन दूगड, डॉ. आर.एच.बग्गा, मेजर डॉ. राकेश श्रीवास्तव, श्रीमति विस्मिता शाह मोहम्मद युनुस तथा बाल प्रतिभा तरंग परिहार को सम्मानित किया जायेगा. यह उल्लेखनीय हैं कि यह कार्यक्रम का 13 वां वर्ष हैं। यह पूर्णत: नि:शुल्क है। किसी प्रकार के पास आदि की आवश्यकता नहीं हैं। आनंद बक्षी ने बताया कि अशवनी कुमार ने संगीत की आरंभिक शिक्षा अपने पिता स्व.रतनचंद्र जी वर्मा से ग्रहण की। आप देश के सुप्रसिद्ध पंजाब घराने से तालुक रखते हैं। आपके वंश में पिछले 177 वर्षो से संगीत गाया जा रहा हैं। आपके परिवार ने अनेक कलाकर संगीत समाज को दिये हैं।